राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (जी–257) अलेसे– I/728 दिनांकः– 26/12/19

## कार्यालय आदेश

श्री गोवर्धन लाल पालीवाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। (लिंक नम्बर 1509) को निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं (ई.एस.आई.), जयपुर द्वारा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का पद रिक्त नहीं होने के कारण दिनांक 02.09.2019 को कार्यमुक्त करने के फलस्वरूप विभागीय आदेश दिनांक 06.09.2019 के द्वारा इनका पदस्थापन वाणिज्य कर अधिकारी, वृत्त–ई, जयपुर में किया गया था। उक्त कार्यालय में कार्यग्रहण करने के बाद कार्यालय उपायुक्त, राज्य कर, वृत्त–ई, वाणिज्यिक कर विभाग के आदेश दिनांक 23.09.2019 के द्वारा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के पद पर श्री शंकर लाल कुमावत का पदस्थापन होने के कारण श्री पालीवाल को दिनांक 23.09.2019 को मध्यान्ह् पश्चात् कार्यमुक्त कर दिये जाने के फलस्वरूप श्री पालीवाल द्वारा इस निदेशालय में पुनः दिनांक 23.09.2019 को मध्यान्ह् पश्चात् आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थिति दी गई थी, इस प्रकार श्री पालीवाल दिनांक 03.09.2019 से 06.09.2019 एवं पुनः दिनांक 23.09.2019 (मध्यान्ह् पश्चात्) से 30.09.2019 तक इस निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में रहे थे।

अतः उक्त आदेशों की प्रतीक्षा अवधि को राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7(8)(बी)(III) के अन्तर्गत कर्तव्य मानते हुए उक्त अवधि का वेतन वाणिज्य कर अधिकारी, वृत्त–ई, जयपुर से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (जी–257) अलेसे– I/728 दिनांकः– 26/12/19

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1 वाणिज्य कर अधिकारी, वृत्त–ई, जयपुर को भेजकर लेख है कि संबंधित लेखाकर्मी का गत भुगतान प्रमाण पत्रानुसार आदेशों की प्रतीक्षावधि के वेतन का भुगतान करावें।
2 निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं (ई.एस.आई.), राजस्थान, जयपुर।
3 उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4 श्री गोवर्धन लाल पालीवाल, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड, जयपुर को निर्देश दिये जाते हैं कि वे अपना गत भुगतान प्रमाण पत्र संबंधित विभाग/कार्यालय को प्रस्तुत करें।
5 अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6 निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in, E-Mail Id – aao1.dta@rajasthan.gov.in Fax-2740735, Tel.- 2744134
D:\2016\Parth ji\Orders.doc